आइआइएम रांची टेडएक्स का आठवां संस्करण 11 से

रांची. आइआइएम रांची की ओर से आठवां टेडएक्स 11 दिसंबर को होगा. इसमें विभिन्न क्षेत्र से जुड़े वक्ता शामिल होंगे. इस वर्ष टेडएक्स को लेकर थीम सिक्के का तीसरा पक्ष (थर्ड साइड ऑफ द क्वाइन) है.इसमें शामिल होने वाले विद्यार्थियों को जीवन की विशिष्टता और सुंदरता से परिचय कराया जायेगा. साथ ही उदाहरण के जरिये विद्यार्थियों को वैसे व्यक्तित्व से परिचय कराया जायेगा, जो दूसरों से अलग काम कर अपनी पहचान बनाने में सक्षम हुए हैं. आयोजन की मुख्य वक्ता केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी होंगी. वक्ता के तौर पर पद्मश्री डॉ आनंद शंकर जयंत, फेमिना मिस इंडिया 2018 की पहली रनर-अप और अभिनेत्री मीनाक्षी चौधरी, पद्मश्री उद्धव कुमार भराली, 2018 इंडियन ओपन पैरा स्विमिंग चैंपियन मो शम्स आलम शेख, आइएएस सृष्टि जयंत देशमुख और डॉ नागार्जुन बी गौड़ा, माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर और कॉरपोरेट वाइस प्रेसिडेंट राजीव कुमार और 2015 बेस्ट इंडियन शेफ ऑफ द ईयर विकी रत्नानी भी विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे.

■ **सिक्के का तीसरा पक्ष है थीम**

Prabhat Khabar, 30.11.2021, Pg. 07